## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर ने 38 कर्मचारियों को वितरित किये पीपीओ

**कटनी।** अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा शुक्रवार को कार्यालय कलेक्टर के नवीन सभाकक्ष में आयोजित कर्मचारियों के सेवानिवृत्त कार्यक्रम के दौरान माह जून 2024 की स्थिति में सेवानिवृत हुए कटनी जिले अंतर्गत विभिन्न विभागों के 38 अधिकारियों - कर्मचारियों को शाल, श्रीफल एवं पीपीओ भेंट कर उनके सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। इस कार्यक्रम में अरविंद सिंह ठाकुर जिला कोषालय एवं पेंशन अधिकारी, वेद कुमार डोंगरे सहायक पेंशन अधिकारी, अभय कुजूर सहायक कोषालय अधिकारी,श्रीमती दीपिका सोनी सहायक पेंशन अधिकारी, बलदेव सिंह बहेलिया सहायक ग्रेड 02, प्रमोद पांडे सहायक ग्रेड 02 एवं समस्त पेंशन कार्यालय एवं जिला कोषालय के सभी शासकीय सेवकों का योगदान सराहनीय रहा।

### आवास रिक्त कर आधिपत्य कलेक्टर को सौंपने किया निर्देशित

**कटनी।** जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ श्रद्धा द्विवेदी द्वारा सिविल लाइन कटनी स्थित शासकीय आवास कमांक एफ.-01 के परिसर को अनाधिकृत रूप से अधिभोग किये जाने के कारण अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व कटनी द्वारा लोक परिसर बेदखली अधिनियम 1974 के विहित प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए 22 जुलाई 2024 सायं 5 बजे तक रिक्त करने का आदेश दिया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नें उपरोक्त कार्यवाही कार्यालय कलेक्टर कटनी के आदेश अनुसार शासकीय आवास क्रमांक एफ.-01 सिविल लाइन कटनी में डॉ. श्रद्धा द्विवेदी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय कटनी को 30 दिवस में आवास रिक्त कर आधिपत्य आवास शाखा कलेक्टर कटनी को सौंपने हेतु निर्देशित किया गया था।

### सर्पदंश एवं सड़क हादसे में दो की मौत

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र में सर्पदंश से एवं सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लदहर गांव निवासी रोहित चौधरी पिता रोहनी प्रसाद चौधरी 20 को सर्प ने काट लिया। युवक को शासकीय अस्पताल बड़वारा में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज करते हुए पंचनामा कार्रवाई के करते हुए पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ही बरगवां नंबर एक नैगवां में हुए सड़क हादसे में घायल युवक की जबलपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मामले में सूरज सिंह पिता प्रेमलाल सिंह उम्र 18 बीते 28 जून को सड़क हादसे के बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी तरह रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के रामनिवास सिंह वार्ड भटटा मोहल्ला निवासी धनीराम अहिरवार पिता महिपाल अहिरवार 69 साल की बीमारी के कारण मौत हो गई। वहीं माधवनगर थाना अंतर्गत पीरबाबा बाइपास के पास दुर्गा बहादुर बकावल पिता कुलबहादुर बकावल उम्र 34 साल निवासी गोवरडिहा नेपाल की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

### जिले में अब तक 200.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 2024 से 19 जुलाई 2024 प्रातः तक कुल 200.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 372.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 171.3 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 19 जुलाई 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 252.2 मिलीमीटर, तहसील रीठी मे 235.1 मिलीमीटर, तहसील बड़वारा मे 105.0 मिलीमीटर, तहसील बरही में 129.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 117.5 मिमी, बहोरीबंद मे 210.2 मिमी, स्लीमनाबाद में 247.7 मिली मीटर और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा मे 307.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

इंस्टाग्राम से बने थे संबंध, आरोपी गिरफ्तार

# शादी का झांसा देकर नाबालिग का दैहिक शोषण

सतना

बिना सोचे समझे और बिना जांचे परखे सोशल मीडिया और इंस्टाग्राम में दोस्ती महंगी पड़ सकती है। एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें नाबालिक शोषण की शिकार हुई है। शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसके साथ एक वर्ष तक बलात्कार करने का मामला सामने आया है। दोनों का संपर्क इंस्टाग्राम के जरिए हुआ था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सिटी कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ जून 2023 से अब तक कई बार बलात्कार करने के मामले में आरोपी साहिल खान पिता बल्ले खान निवासी नूरी मस्जिद के पास नजीराबाद को गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध धारा 450,376 (3),376 (2) (N),506 तथा पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उसके माता पिता शहर में भोजन का ठेला लगाते हैं। आरोपी साहिल खान से उसका संपर्क डेढ़ साल पहले इंस्टाग्राम के जरिए हुआ था। दोनों में बातचीत भी होती थी। पिछले साल 25 जून को अचानक साहिल उसके घर आ गया। उस वक्त माता-पिता घर पर नहीं थे। साहिल ने इसी बात का फायदा उठा कर बलात्कार किया और फिर किसी से कुछ भी न कहने की धमकी देते हुए शादी का वादा करने लगा। इसके बाद वह कई बार उसे अपने साथ अपने घर भी ले गया और वहां भी दुष्कर्म करता रहा। गत 30 मई को साहिल उसे बाइपास रोड पर घुमाने के बहाने ले गया। उससे जब शादी की बात की गई तो वह मुकर गया। उसने धमकाते हुए कहा कि वह शादी नहीं करेगा और ज्यादा बोलने पर जान से मार देगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह इसके बाद डर कर अपनी नानी के घर चली गई और डेढ़ महीने तक वहीं रही। परिजनों ने जब उससे परेशान रहने और डरने का कारण पूछा तो उसने आपबीती सुनाई।



# 2 दिन से लापता युवक की कुएं में मिली लाश

**सतना।** उचेहरा थाना क्षेत्र के गोवरांव गांव में दो दिन से लापता संतोष दहायत उर्फ इल्ला नामक युवक की लाश रामपथ गमन मार्ग गांव के बाहर एक कुएं में मिली है। पृथक के शरीर में चोट के निशान बताए गए हैं। परिजनों ने गले पर धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है घटना की जांच की जा रही है।

## रामवन में हरियाली महोत्सव आज

**सतना।** सतना जिले के सुप्रसिद्ध स्थल रामवन में 21 जुलाई को हरियाली महोत्सव मनाया जा रहा है। रामवन परिसर में शाम 4 बजे से आयोजित कार्यक्रम में म.प्र. शासन के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतना सांसद गणेश सिंह करेंगे। राज्य शासन की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी और विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह विशिष्ट अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन मानस संघ रामवन द्वारा किया जा रहा है।



## परिवहन व्यवसाईयों को समस्याओं से दिलाया जाए छुटकारा

**सतना।** सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा जारी विज्ञप्ति में बताया कि मध्य प्रदेश ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा भोपाल में रखे गए सरकार का अभार कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी मंडल द्वारा इस कार्यक्रम में शिरकत की गई एवं सभी मंचासीन माननियों का माल्यार्पण कर दुपट्टा पहना कर सभी का स्वागत किया गया। प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव द्वारा बोर्डरो को तत्काल रूप से बंद कर परिवहन व्यवसाईयों को बहुत बड़ी सौगात दी गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राय उदय प्रताप सिंह परिवहन मंत्री को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए विंध्य प्रदेश की मुख्य परिवहन समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही ज्ञापन सौंपते हुए कहा गया कि आपके द्वारा जिस प्रकार वार्डरो को समाप्त किया गया है इस प्रकार परिवहन व्यवसाय की समस्याओं से भी जल्द से जल्द निजात दिलाया जाए। इस अवसर पर सी एल मुकाती अध्यक्ष मध्य प्रदेश ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन,विजय कालरा मैनेजिंग कमेटी ऑल इंडिया मोटर कांग्रेस नई दिल्ली,गोविंद रुपाणी,हरीश डाबर,राजेन्द्र त्रेहन,राजेश तिवारी,अभिषेक जैन,सुरेंद्र गुप्ता,प्रवीण मित्तल, अमित भवनानी आदि लोग उपस्थित रहे।

# रेडियम रिफ्लेक्टर के नाम पर सरेआम लूट

सतना



पुलिस और जिला प्रशासन की मिली भगत के चलते सामाजिक तत्वों का खेल जारी है। इस बार यहां जिनके द्वारा रेडियम रिफ्लेक्टर के नाम पर सरेआम लूट की जा रही है। कटनी-बेला नेशनल हाईवे पर वाहन चालकों से अवैध वसूली का पुराना खेल एक बार फिर शुरू हो गया है। मप्र शासन की संस्थाओं के नाम से मिलते जुलते नाम की पर्ची और उसी तरह की सरकारी सील लगने वाली सील का इस्तेमाल कर यह वसूली कुछ निजी लोग कर रहे थे जिनकी ढाल मैहर एसपी का एक आदेश बना हुआ था। हालांकि एसपी ने अब वह आदेश निरस्त कर दिया है। बेला-कटनी नेशनल हाईवे पर मैहर जिले के नादन देहात थाना के पास वाहनों से अवैध वसूली का खेल एक बार फिर शुरू हो गया है। नेशनल हाईवे पर ड्रम रखकर जिग्जैक पॉइंट बनाए गए,जहां वाहनों को रोक कर उनमे रेडियम रिफ्लेक्टर और उनके पॉल्यूशन सर्टिफिकेट जांचे जाने लगे। जांच और रिफ्लेक्टर लगाने के नाम पर प्रत्येक वाहन से 5 सौ से 1 हजार रुपए तक की वसूली की जा रही है। यह कमाल यहां कर तो निजी लोग रहे हैं लेकिन हैरानी की बात तो ये है कि उनका सहयोग पुलिस भी कर रही है। इन वसूलीबाजों के निशाने पर बड़े वाहन और उस पर दूसरे राज्यों की नंबर प्लेट वाले ट्रक हैं। इस मार्ग से गुजरने के दौरान वसूली बाजों की वसूली का शिकार हुए वाहन चालकों ने बताया कि वाहनों को रोक कर कहा जाता है कि जांच कराना और रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाना अनिवार्य है।इसके लिए मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल का एक आदेश भी दिखाया जाता है जो किसी धीरेंद्र सिंह राजावत बिरला नगर हजीरा ग्वालियर के नाम पर जारी किया गया है। सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक रूल्स के पालन का संदेश देती जो रसीद दी जा रही है उसमे ऊपर मोटे अक्षरों में मप्र परिवहन विभाग द्वारा जनहित में जारी लिखा गया है जबकि नीचे नेशनल हाइवे रिफ्लेक्टर्स आई केयर लिखा है।इस रसीद पर गोल सील भी लगाई जा रही है जिसमे नेशनल हाइवे शब्द का इस्तेमाल किया गया है। सरकारी संस्था से मिलते जुलते नाम की पर्ची और वैसी ही सील का इस्तेमाल कर रोजाना सैकड़ो वाहनों से वसूली की जा रही है। पुलिस भी वसूलीबाजों के साथ नजर आती है।

### मैहर एसपी ने दी थी इजाजत

मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल ने यह सशर्त अनुमति गत 2 जुलाई को ग्वालियर के धीरेंद्र सिंह राजावत के पक्ष में रेडियम रिफ्लेक्टर,रेडियम टेप लाइन और हेड लाइट ब्लैक करने के लिए जारी की थी। इसमें शर्त भी लिखी गई थी कि यह काम पुलिस की चेकिंग के दौरान ही किया जा सकता है और इस दौरान किसी भी प्रकार से यातायात बाधित नहीं होना चाहिए। यह काम स्वैच्छिक होगा और किसी से अवैध वसूली नहीं की जाएगी। इतना ही नहीं एसपी ने इस कार्य को एक माह में अभियान की तरह चला कर पूर्ण करने की रियायत भी वसूलीबाजों को दी और यह भी स्पष्ट किया था कि शिकायत आने पर एक्शन भी होगा। जानकारों की मानें तो ऐसे आदेश या अनुमति किसी निजी संस्था अथवा व्यक्ति को नहीं दिए जा सकते। हाइवे पर चेकिंग कर रिफ्लेक्टर जांचना और उसके लिए पैसे वसूलना अवैध है। एनएच पर जिग्जैक पॉइंट भी निजी लोगों द्वारा नहीं बनाए जा सकते।

### एसपी बोले- निरस्त कर दी है अनुमति


मैहर एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने कहा कि हाइवे पर एक्सीडेंट होते हैं। हादसे न हों इसलिए रेडियम लगाने की अनुमति दी गई थी। लेकिन जब सोशल मीडिया के माध्यम से इस काम और अनुमति की आड़ में अवैध वसूली और अनियमितता की शिकायतें मिलीं तो शर्तो के उल्लंघन के कारण अनुमति निरस्त कर दी गई है।

### आखिर मिली भगत में कौन-कौन

बेला-कटनी नेशनल हाइवे पर इस तरह की वसूली का खेल कोई नया नहीं है। इसके पहले भी प्रदूषण जांच और रेडियम लाइट जांच की आड़ में यहां वसूलीबाजों की गैंग उस वक्त यहां बड़ा खेल कर चुकी है जब मैहर जिला सतना जिले के अंतर्गत था और सतना में इस वक्त मिथिलेश शुक्ला एसपी हुआ करते थे।

ऐसे में रक्षक बन सकते हैं भक्षक, अधिकारी नहीं देते ध्यान

# ट्रेनों में पेट्रोलिंग के दौरान वर्दी में नेम प्लेट नहीं लगा रहे हैं ज्यादातर सुरक्षा के जवान



**सतना।** पश्चिम मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण रेल खंड सतना से गुजरने वाली अधिकांश ट्रेनों में पेट्रोलिंग ड्यूटी में लगाए जाने वाले सुरक्षा जवान वर्दी में नेम प्लेट नहीं लगा रहे हैं। इस तरह की मनमानी पिछले 2 महीने से लगातार देखी जा रही है। वर्दी में नेम प्लेट नहीं लगे रहने की वजह से रेलों में यात्रा कर रहे यात्रियों को यह नहीं पता रहता कि सुरक्षा जवान का नाम क्या है और वह किस नाम से उन्हें पुकारें। बहरहाल आशंका यह जताई जा रही है कि नेम प्लेट नहीं होने की वजह से रक्षक भक्षक भी बन सकते हैं। बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि सुरक्षा जवानों की निगरानी करने वाले बड़े अधिकारियों का इस ओर ध्यान क्यों नहीं जा रहा है। राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) के एक रिटायर्ड अधिकारी कहते हैं कि यह ड्यूटी कर्मचारियों के अधिकारी की जवाबदारी होती है कि जब वह किसी भी ट्रेन में दोपहर या रात के वक्त पेट्रोलिंग के लिए चलते हैं तो वह कितने फिट रहते हैं। वर्दी पहनते हैं। टोपी लगाते हैं या नहीं। उनके हाथ में सीटी और डंडा रहता है या नहीं। रात के वक्त उनके पास टॉर्च रहती है या नहीं। वर्दी में नेम प्लेट लगाते हैं या नहीं। अगर नेम प्लेट लगी रहती है तो वह स्पष्ट पढ़ने में आती है या नहीं। इस बात की जांच करना जरूरी रहता है। अगर इन सब चीजों में लापरवाही बरती जाती है तो यह मान लिया जाता है कि संबंधित थाने का इंचार्ज गंभीर नहीं है और वह भी लापरवाही का बराबर से भागीदार होता है। कई बार ऐसी स्थिति में इंचार्ज पर मनमानी और मिली भगत के आरोप भी लगाते रहते हैं। इसलिए जरूरी यह होता है कि पेट्रोलिंग ड्यूटी करने वाले सुरक्षा जवान का आचार व्यवहार उसका तरीका ऐसा होना चाहिए कि जैसा समाज चाहता है। पेट्रोलिंग ड्यूटी में तनाव व्यक्ति के लिए जिम्मेदारी रहती है कि यात्रा कर रहे यात्री को किसी प्रकार की समस्या ना हो और आपराधिक तत्वों पर उसकी पहली नजर हो। कहीं कोई गड़बड़ होती है तो वह तत्काल अधिकारी को सूचित करें और गड़बड़ी होने से रोके। रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ही रिटायर्ड अधिकारी कहते हैं कि उनके समय में अगर इस तरह की लापरवाही देखी जाती थी वह सुरक्षा जवान से तत्काल जवाब लिया जाता था। संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार विभाग की कार्रवाई की जाती थी। उन्होंने कहा कि आमतौर पर इस तरह की लापरवाही लंबे समय से देखने को मिल रही है कि कई सुरक्षा जवान अपनी वर्दी पर नेम प्लेट नहीं लगाते हैं और पेट्रोलिंग के दौरान मनमानी करते हैं जिसकी शिकायतें भी मिलती रहती हैं। उन्होंने कहा कि आज के युग में इस तरह की लापरवाही ठीक नहीं है ऐसी स्थिति में सुरक्षा जवान को ही परेशानी हो सकती है।



## एक पेड़ मां के नाम पर एकलव्य विद्यालय में रोपे गए पौधे

*पुजारी दीपक पाण्डेय ने प्रयागराज से मंगाए गए पौधे को लगाए*

**मैहर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत मैहर के एकलव्य विद्यालय में नगर पालिका परिषद द्वारा 20 जुलाई को प्रातः 9:30 बजे से वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के मुख्य अतिथि मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी व नपा अध्यक्ष गीता संतोष सोनी ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा देवी की प्रतिमा पर पूजा अर्चन व दीप प्रज्वलन कर किया गया। आज इस अभियान में लगभग 1 हजार पौधरोपण किए गए जिसमें सभी तरह के पौधे रहे। प्रमुख रूप से फलदार व छायादार, खुशबूदार पेड़ों के लिए वृहद पौधरोपण किए गए। इस पौधरोपण का सफल बनाने का श्रेय मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी व नपा अध्यक्ष गीता संतोष सोनी व नगर पालिका परिषद मैहर के सीएमओ लालजी ताम्रकार व उपयंत्री वंशपति पांडेय सहित समस्त नपा स्टाफ को जाता है जिसमें हजारों लोगों ने इस पौधरोपण कार्यक्रम में सहभागी बने। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का पर्याय है और उनके बिना हमारा जीवन संभव नहीं है। वृक्ष हमें कुछ न कुछ देते रहते है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में एक पौधा मां के नाम अभियान चलाया है इसलिए पौधे लगाकर उसकी देखभाल करें जिससे पौधा कल्पवृक्ष बनाकर पर्यावरण के लिए उपयोगी हो। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोनी,सीएमओ लालजी ताम्रकार ने भी संबोधित किया। इस पौधरोपण अभियान में ड्रोन से एक-एक पौधों को कैमरे में कैद तो किया गया साथ ही मध्यप्रदेश प्रदेश शासन के बनाये ऐप वायु दूत पर भी लोगों ने पौधरोपण कर फोटो अपलोड कर अपने यादगार के लिए सुरक्षित किया।

## जिले में अब तक 186.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 20 जुलाई 2024 तक 186.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 341.1 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 128.3 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 155.5 मि.मी, बिरसिंहपुर में 193 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 82.5 मि.मी.,नागौद में 180.5 मि.मी.,जसो (नागौद) में 96 .9 मि.मी. एवं उचेहरा में 314 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 209.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

## एडिप योजनांतर्गत दिव्यांगजनों को परीक्षण हेतु शिविर 22 को मैहर में

**सतना।** हाउसिंग एण्ड अरवन डेपलपमेंट कार्पोरेशन (हुडको) के नियमित सामाजिक (सीएसआर) योजनान्तर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर द्वारा मैहर जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण व कैलिपर्स एवं कृत्रिम अंग प्रदाय करने हेतु शिविर आयोजित किये जायेंगे। मैहर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रानी बाटड के निर्देशन में दिव्यांगों को उपकरणों के लिए पात्रता का परीक्षण करने तीन दिवसीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 22 जुलाई को जनपद पंचायत मैहर,23 जुलाई को जनपद पंचायत अमरपाटन तथा 25 जुलाई को जनपद पंचायत रामनगर में शिविर आयोजित किये जायेंगे। दिव्यांगजन परीक्षण शिविर में दस्तावेज के साथ उपस्थित रहेंगे। शिविर में फोटो,आधारकार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र (यूडीआईडी कार्ड) 40 प्रतिशत या उससे अधिक अन्य सहायक उपकरण, 80 प्रतिशत या उससे अधिक मोटराईज्ड ट्रायसिकल के लिए,100 प्रतिशत दिव्यांगता नेत्रहीन दिव्यांगों के लिए (सुगम्य केन एवं स्मार्ट फोन) के लिए समग्र आईडी,बीपीएल राशनकार्ड या आय प्रमाण पत्र तथा आवासीय प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

## एकेएस में प्रखर राष्ट्रभक्त संविधानविद अश्विनी का नगर में आगमन कल

**सतना।** विकसित भारत और हमारी भूमिका पर प्रखर उद्बोधन होगा।आज देश में एक देश एक विधान रामराज्य और जनसंख्या असंतुलन के रूप में बहुत से चुनौतियां सामने खड़ी हुई हैं। भारत के ऐसे ही प्रमुख खतरों और उनके स्थाई समाधान विषय पर बेबाक उद्बोधन देने वरिष्ठ संविधान विशेषज्ञ प्रखर वक्ता सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय 21 जुलाई को सतना पधार रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक सिंघई संजय जैन ने बताया कि केशव बलीराम हेडगेवार स्मृति सेवा न्यास के तत्वावधान में एकेएस यूनिवर्सिटी सभागार में आयोजित इस व्याख्यान माला के द्वितीय पुष्प के अवसर पर अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलपति डॉ.राजकुमार आचार्य कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। छल,बल, प्रलोभन से धर्म परिवर्तन तथा ऐसे ही अनेक विषयों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करने एवं सनातन मूल्यों का पक्ष दृढ़ता से रखने के लिए अश्विनी उपाध्यक्ष जाने जाते हैं। न्यास के संरक्षक मनमोहन माहेश्वरी,अध्यक्ष चिंतामणि चतुर्वेदी एवं सचिव ललित शर्मा ने देश व संविधान की प्रखर आवाज सुनने एवं वैचारिक अधिष्ठान के इस विशिष्ट आयोजन में सभी नागरिक बंधुओ तरुणाई जागरूक युवको बेटियों से शामिल होने का आग्रह किया है।

खबर संक्षेप

## ग्राम रामपुर में जल संवाद, पेयजल एवं सामाजिक सुरक्षा पर संवाद से समाधान




**पन्ना।** स्वयंसेवी संस्था समर्थन अजयगढ़ के ग्राम रामपुर में पेयजल एवं सामाजिक सुरक्षा के मुददो पर जल संवाद किया एवं गांव में हल खेजने पर जार दिया गया। गांव में 10 हैन्डपम्प में से 4 चालू पाये गये। ग्रामीणो ने हैन्ड पम्प में पाईप डालने की आवश्यकता वताई। गांव में कुआ भी है लेकिन उपयोगी नही है। सामाजिक सुरक्षा की समस्या में आधार और दस्तावेज में उम्र का मिलान नही होना पाया गया। राशन पर्ची नही होन वाले हितग्राही भी गांव में मिले। जल संवाद में लगभग 40 लोगो ने भाग जिया समर्थन से पंचायत मित्र आरती सिंह एवं बाबूलाल रजक समन्वयक फरीदा बी एवं लखन लाल शार्मा ने लोगों की समस्याओं को सुना एवं मंगल वार की जनसुनवाई में लोगो को समस्या रखने एवं पजीयन कराने की वात कही है। संस्था के टीमलीडर ज्ञानेन्द्र तिवारी ने कहा की स्थानी स्तर ग्राम पंचायतो में मंगलवार को जनसुनवाई एक बड़ा जरिया होगा ग्रामीणो को भटकना नही पड़ेगा गांव में ही समस्या का समाधान होगा।

## कुसुम श्रीवास्तव का दुखद निधन



**पन्ना।** अमित श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव एवं श्रीमती दीप्ती श्रीवास्तव की माता जी श्रीमती कुसुम श्रीवास्तव पति स्वर्गीय अशोक श्रीवास्तव (सेवा निवृत मलेरिया विभाग) जिला चिकित्सालय पन्ना के सामने गोल क्वाटर के समीप निवासी का लम्बी बीमारी के पश्चात निधन हो गया है। जिनका 21 जुलाई 24 दिन रविवार को सुबह 8 बजे धरम सागर शमशान घाट में दाह संस्कार होगा। श्रीमती श्रीवास्तव के व्यावहारिक एवं मृदुभाषी के कारण यह खबर सुनकर जिला चिकित्सालय के कर्मचारियों , समाजसेवियों एवं पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया।

## पूर्व सीएमओ दिनेश जडिया का दुःखद निधन



**देवेन्द्रनगर।** नगर परिषद देवेंद्रनगर के पूर्व नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) श्री दिनेश जड़िया का हार्ट अटैक से दुःखद निधन की खबर से मन व्याकुल हैं। भगवान मृतात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। व परिवारजनों को दुख की इस घड़ी में संबल प्रदान करें।

## बिरसा मुण्डा स्वरोजगार एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना

**पन्ना।** जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार सदस्यों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर के लिए भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना संचालित की जा रही है। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत एक लाख से 50 लाख रुपये तक की उद्योग परियोजना शामिल है। इसमें आवेदन की आयु 18 से 45 वर्ष, आवेदक 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण, परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक न हो और आवेदक स्वयं किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो। ब्याज अनुदान अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित, शेष ऋण पर 5 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षो तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दिया जायेगा एवं मप्र शासन द्वारा गारंटी फीस देय होगी।

# जीवन अनमोल, बीता कल भूलकर आगे बढ़ें: ब्रम्हाकुमारी

## जिला जेल में आध्यात्मिकता की लहर

**पन्ना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के द्वारा जिला जेल पन्ना में चल रही पांच दिन से आध्यात्मिकता की लहर। सभी कैदियों के खुशी से चेहरे खिल उठे। जिला जेल में बहन जी ने सभी को समझाते हुए कहा कि जीवन बड़ा अनमोल है, जो कुछ हुआ उस बीते हुए कल को भूल कर, उससे शिक्षा लेकर आगे का जीवन सुधारना होगा, तनाव मुक्त,क्रोध मुक्त, व्सयन मुक्त, नफरत, बदले की भावना, ईर्ष्या गलत संस्कार आदि कई विषयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में परिस्थितियां अंधेरे के समान है उस अंधेरे को दूर वह मिट्टी का दिया नहीं करेगा वह दिया हमें खुद बनना होगा! हमें लेने वाला नहीं देने वाला बनना होगा तभी हम देव संस्कृति को प्रत्यक्ष कर सकेंगे, अनेक कहानी एवं उदाहरण के माध्यम से जीवन को संभालने की शिक्षा दी, संकल्प से सृष्टि बनती है इसलिए हमें अपने पहले विचारों का परिवर्तन करना होगा श्रेष्ठ विचारों को अपने अंदर लाना होगा, आपने कहा कि आज जो भी हमारे साथ हो रहा है वह हमारे ही कर्म का फल है अतः आज वर्तमान मेरे हाथ में है उसे श्रेष्ठ रीति से बिताना है, भविष्य अपने आप अच्छा हो जाएगा। जिसने भी आज तक मेरे साथ जो कुछ भी गलत किया उसे मन ही मन क्षमा करें और उससे मन ही मन क्षमा मांगे क्योंकि मैंने भी कभी उनके साथ कुछ गलत किया था, आप कितने सौभाग्यशाली हैं कि आपको यहां जेल में भी परम सत्य की पहचान परमात्मा का सत्य ज्ञान मिला, परमात्मा की कृपा आपके ऊपर है आपको यह शिक्षा जीवन में धारण करके अपने जीवन को परिवर्तन करना होगा, अपने आप से संकल्प करना है कि जब मैं



यहां से बाहर जाऊं तो अपने परिवार का एवं समाज का नाम रोशन करना, एक अच्छा ईमानदार नागरिक बनकर दिखाना है। सभी को ध्यान करने की विधि भी सिखाई एवं अभ्यास भी कराया क्योंकि ध्यान से ही हमारी आंतरिक शक्तियों का विकास होता है और हम अपनी गलत आदतों पर काबू पाकर उनको बस में कर सकते हैं, सभी का मुख मीठा कराकर ईश्वरीय साहित्य वितरण किया गया।



## मजबूर नहीं, मजबूत बनकर जियें - बहनजी

सभी कैदी भाइयों ने बड़े लगन उमंग उत्साह से रोज आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ उठाया एवं अपने जीवन को परिवर्तन करने का संकल्प किया एवं पुनः सुनने का आग्रह किया। जेलर साहब ने कार्यक्रम की सराहना की एवं कैदियों में आध्यात्मिकता द्वारा जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए ब्रह्माकुमारी विद्यालय का एवं बहन जी का धन्यवाद किया।




# बछरवारा में पदस्थ शिक्षक ले रहे हैं मुफ्त की पगार, देर पहुंचते हैं स्कूल

**सलेहा।** तहसील गुनौर अन्तर्गत ग्राम बछरवारा में शिक्षकों का स्कूल में आये दिन लेट आना एवं जल्दी चले जाने जैसे हालात देखे जा रहे है। शिक्षक मुफ्त की पगार लेने जैसे हालात बताये जा रहे है। बता दें कि बछरवारा माध्यमिक विद्यालय है इस विद्यालय में कक्षा



एक से आठ तक के पचास बच्चों का एडमिशन है विद्यालय गांव की बस्ती से लगा हुआ सूत्रों के मुताबिक जबकी विद्यालय में 15 से 20 बच्चे विद्यालय जाते हैं। इस्कूल की अनियमिताओं को लेकर जब आज मीडिया इस्कूल पड़ताल करने पहुंची तब तीन छोटे बच्चे केवल इस्कूल में मिले जब की दो विद्यालय है। माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला प्राथमिक शाला में 11 बजे ताला लटका मिला 11 बजे केवल दो शिक्षकों में से लक्ष्मी कान्त उपास्थित मिले दूसरे शिक्षक मदनमोहन द्विवेदी 11 बजे तक स्कूल में उपास्थित नहीं मिले। बच्चों ने बताया आते होंगे रास्ते में सर जी होंगे जब की स्कूल खोलने का समय 10 बजे शासन से निर्धारित है। बछरवारा गांव में हरजन बस्ती भी है जो गरीबी रेखा यापन से अपना गुजर बसर चलाते हैं बछरवारा विद्यालय में सीनियर शिक्षक मदनमोहन द्विवेदी एवं इनके जूनियर लक्ष्मी कांत शर्मा है इस विद्यालय के शिक्षा स्तर के खराब प्रदर्शन के कारण एवं मदनमोहन द्विवेदी जी की अशिक्षित जैसी बोल चाल की भाषाओं के कारण गांव में गरीबी यापन करने वाले बच्चों को मजबूरी बस बच्चों के भविष्य में ध्यान में रखते हुए सलेहा प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने में मजबूर हैं सूत्रों ने बताया की शिक्षक मदनमोहन द्विवेदी जी समय पर स्कूल नहीं आते हैं और देर से इस्कूल आने के बाद पर भी बच्चों को पढ़ाते नहीं है कुर्सी में बैठ कर मोबाइल चलाते रहते हैं और बगैर समय के इस्कूल बंद कर समय के पहले चले जाते हैं और बैठे बैठे मोबाइल चलाते हैं और इन शिक्षक मदनमोहन द्विवेदी जी से गणित के छोटे सवाल एवं अंग्रेजी संस्कृत विज्ञान के विषय पढ़ाने का नाम मात्र का अनुभव नहीं है इन ओर किसी छोटे अंग्रेजी के शब्दों की इस्पेलिग नहीं आती है।



### मगर शासन ने कभी इनका साक्षत्कार विषयों पर नहीं लिया -

महोदय जी 30 वर्षों से अधिक समय से उक्त विद्यालय में पदस्थ हैं इनके क्रियाकलापों के कारण नये नये शिक्षक भी इन्हीं का अनुशारण कर के छात्रों को पढ़ाना नहीं चाहते बता दें की गांव से सटा हुआ विद्यालय है गांव कृषि पर आधारित है पर गांव के बच्चों के सभी अभिभावक किसान एवं मजदूर सभी अपने बच्चों को मोटी रकम देकर प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाते हैं जाहिर सी बात है की मजदूरी एवं खेती से कमाई गई राशि को कोई अनावश्यक रूप से खर्चा नहीं करना चाहता है मगर शासकीय शिक्षा इस्तर का माहौल हाल विहाल है आज शासकीय शिक्षा इस्तर की जन प्रतिनिधियों समाज सेवीयो को समीक्षा कर शासकीय विद्यालयों का अवलोकन करना चाहिए क्योंकि शासकीय विद्यालय में अभिभावक अपने बच्चों को क्यों पढ़ाना नहीं चाहते जाहिर सी बात है की शासकीय शिक्षा इस्तर ठीक नहीं है बछरवारा विद्यालय की जांच कर शिक्षको साक्षत्कार विषयों को लेकर प्रशासन को लेना चाहिए।

### जिससे इनकी शैक्षणिक गुणवत्ता का पता चल सके -

बछरवारा विद्यालय की शिक्षा इस्तर चरमराई हुई है और लोग अपने घरों से पांच किलोमीटर दूर मोटी रकम देकर प्राइवेट स्कूलों में क्यों पढ़ाने में मजबूर हैं जाहिर सी बात है शिक्षा इस्तर ठीक नहीं होने से बछरवारा गांव में लोगों के बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने जाते हैं शिक्षा इस्तर में पढ़ाई नहीं होने एवं अन्य अनियमिताओं जैसे खामियों में से परेशान हैं बच्चों के अभिभावक पदस्थ शिक्षक मदनमोहन द्विवेदी की वजह से लोग मजबूर हैं अपने छोटे-छोटे एवं बड़े बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने में शिक्षक मदनमोहन द्विवेदी अति चतुर है अगर शिक्षा इस्तर एवं अन्य सवालों से कतरा कर अगर किन्हीं सवालों का मीडिया जबाब चाहती है तो फर्जी रिपोर्ट करने की धमकी देते हैं। बताया जाताहै कि विद्यालय में शौचालय विवस्था चरमरा गई क्षत क्षतिग्रस्त हैं बच्चे एवं बच्चियों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है कितनीय निंदनीय विद्यालय प्रबंधन द्वारा ब्यावस्था खराब है बछरवारा विद्यालय की मदन मोहन शिक्षक श्रेतीय लोगों की मांग है की प्रशासन विद्यालय की जांच कर वैधानिक कार्यवाही करें।

# हलकी बारिश में उड़े 67 करोड़ की सकरिया-डिघौरा रोड के चीथड़े

## कार्यपालन यंत्री की शह पर ठेकेदार तोड़ रहा भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड

**पन्ना।** जिले में लोक निर्माण विभाग की सड़कों के निर्माण में चल रही अनियमिता धांधली और भ्रष्टाचार के मामले किसी से छिपे नहीं हैं। लेकिन 67 करोड़ की लागत से बन रही सकरिया-डिघौरा रोड का ठेकेदार रवि शंकर जयसवाल कार्यपालन यंत्र बीके त्रिपाठी की सह पर भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड तोड़ने में लगा है। लगातार शिकायत और समाचारों के बावजूद जांच और कार्रवाई के नाम पर कागजी खानापूर्ति से ठेकेदार के हौसले इतने बुलंद है कि सुधार के बजाय और भी भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है। वर्तमान में पहली बारिश में ही इस सड़क में जगह-जगह पर गड्ढे होने लगे हैं जगह-जगह पर सड़क धंसने लगी है जिससे निर्माण में उपयोग किए गए घटिया एवं अमानक मटेरियल की पोल अपने आप खुलने लगी है। बावजूद इसके पन्ना जिले के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस महा भ्रष्टाचार को नजरअंदाज किया जा रहा है जिससे क्षेत्रीय जागरूक नागरिक हैरान हैं।





### मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के अरमानों पर फेर रहे पानी-

एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और दूसरी तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा देश भर में नई सड़कों का निर्माण और पुरानी सड़कों का कायाकल्प करवा कर आवागमन को सुगम बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। अनियमिता एवं भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन वहीं दूसरी ओर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री बीके त्रिपाठी सहित संभाग एवं प्रदेश स्तर के कुछ अधिकारियों के द्वारा भी खुलेआम किए जा रहे भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई के बजाय मामले पर लीपापोती की जा रही है।

बिलखुरा-पाठा रोड की जांच अधर में-
ऐसा ही मामला बिलखुरा-पाठा रोड का बताया जा रहा है जिसमें बिना वर्क आर्डर के काम करवा कर तालाब की मेड़ और पिचिंग को नष्ट कर मुरम और मिट्टी निकाल कर सड़क में उपयोग करने एवं बेहद गुणवत्ताहीन सड़क बनाने वाले ठेकेदार संतोष गुप्ता के खिलाफ क्षेत्र वासियों के द्वारा की गई शिकायत की जांच भी कई महीने से पेंडिंग है। इस मामले में भी कार्यपाली यंत्री बीके त्रिपाठी की भूमिका बेहद संदिग्ध बताई जा रही है। लोगों ने बताया कि इस मामले की शिकायत कलेक्टर से भी की गई लेकिन कोई जांच और कार्यवाही नहीं हुई।

### बिना कमीशन के नहीं होता भुगतान-

नाम गोपनीय रखने की शर्त पर कुछ संबंधितों के द्वारा बताया गया है कि सड़कों के निर्माण के भुगतान के लिए भारी भरकम कमीशन वसूला जाता है और इसी कमीशन की ऐवज में ठेकेदार को घटिया मटेरियल के उपयोग की छूट दी जाती है। लेकिन इस प्रकार की गुणवत्ताहीन सड़के चंद दिनों में ध्वस्त होने लगती हैं जिससे हादसों में बेकसूरों जाने जाती हैं। षासन द्वारा सड़कों के निर्माण के लिए भेजी जाने वाली राशि का ठेकेदार, अधिकारी और कुछ जनप्रतिनिधि मिल कर बंदरबांट कर रहे हैं, और सड़कें बनते ही ध्वस्त हो रही हैं, एवं हादसों में बेकसूरों की जाने जा रही हैं।

# पन्ना पुलिस द्वारा मोटर साइकल चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं के 3 चोरों को किया गया गिरफ्तार




आरोपियों के कब्जे से चोरी गई 2 मोसा हीरो, होंडा कंपनी की एचएफ डीलक्स कीमती करीब 80,000/ रूपये व मोसा पैसन प्रो कीमती करीब 70,000/- रूपये की कुल मसरूका 1 लाख 50 हजार की जप्त की गई।

**पन्ना।** कोतवाली थाना पन्ना में फरियादी अज्जू उर्फ मोहन कुशवाहा पिता छोट्टन कुशवाहा उम्र 20 साल निवासी धाम मोहल्ला पन्ना के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट की गयी की उसकी मो0सा0 एचएफ डीलक्स 513450 कीमती 80000/ रूपये की जो पन्ना मे सर्किट हाउस के पास खडी थी को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक- 728/24 धारा 303 (2) ठछै का कायम किया गया, एंव दिनांक 18.07.2024 को फरियादी अमित सिंह परमार पिता राजेन्द्र सिंह परमार उम्र 33 साल नि0 आगरा मोहल्ला पन्ना द्वारा थाना उपस्थित आकर नामजद रिपोर्ट की गई कि फरियादी की मो0सा0 हीरो पैसन प्रो एम0पी0 35 एम0एल0 7513 घर के बाहर से मोनू मुसलमान चोरी करके कहीं ले गया है। फरियादी कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में अपराध क्रं0 735/24 धारा 303 (2) ठछै का कायम किया गया। उक्त दोनो अपराधों को विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा द्वारा उक्त दोनो मोसा चोरी की घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक पन्ना को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री सांई कृष्णा एस थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में हो रही मोसा चोरियो पर नियंत्रण करने हेतू निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनु अधि पुलिस पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर थाना प्रभारी रोहित मिश्रा के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा मोसा चोर को पकडने एंव मोसा बरामद करने हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। पुलिस टीम को मुखबिर तंत्र से मिली जानकारी व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मोसा चोरी करने वाले कुछ संदेहियों को चिन्हित किया गया। पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि चोरी की एचएफडीलक्स मोसा लिये 2 संदेही धाममोहल्ला पन्ना तरफ दिखे है। मुखबिर सूचना व तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुलिस टीम द्वारा उक्त दोनो संदेहियों को धाममोहल्ला पन्ना से घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर दोनो संदेहियो के नामपता पूंछे जाने के बाद दोनो आरोपियों द्वारा पूंछताछ पर इतवारी बाजार सर्किट हाउस के पास से एचएफ डीलक्स मोसा चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा उक्त दोनो आरोपियों गिरफ्तार कर चोरी की गई मोसा एचएफ डीलक्स कीमती करीब 80 हजार रूपये की जप्त कर माननीय न्यायालय पन्ना पेश किया जाकर जेआर पर जिला जेल पन्ना दाखिल किया गया। मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गांधीचौक पन्ना से फरियादी के घर के सामने से मोसा चोरी करने वाला मोनू नाम का संदेही चोरी की मोसा लिये पहाडकोठी तरफ देखा गया है। सूचना की तस्दीक उपरांत पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेही को चोरी की मोसा पैसन प्रो सहित पहाडकोठी पन्ना से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताछ पैसन प्रो मोसा चोरी करना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी मोनू मुसलमान को दगिरफ्तार कर चोरी की मोसा पैसन प्रो कीमती करीब 70 हजार रूपये की जप्त कर माननीय न्यायालय पन्ना पेश किया जाकर जेआर पर जिला जेल पन्ना दाखिल किया गया।








**जप्त सामग्री -**
अप.क्र. 728/24 में जप्त मोसा एचएफ डीलक्स कीमती करीब 80 हजार रूपये एंव अपराध क्रं0 735/24 में जप्त मोसा पैसन प्रो कीमती करीब 70 हजार रूपये की कुल मसरूका 1 लाख 50 हजार का किया गया जप्त।

**गिरफ्तार आरोपी -**
अपराध क्रमांक - 728/24 में गिरफ्तार आरोपीगण - 1. मुराद उर्फ टुन्नू उर्फ फइयाद खान पिता मरहूम रमजान खान उम्र 28 साल निवासी आगरा मोहल्ला पन्ना 2. विकाश उर्फ विक्कू उम्र 19 साल निवासी मस्जिद के पास आगरा मोहल्ला पन्ना अपराध क्रं0 735/24 में गिरफ्तार आरोपी - मोनू उर्फ आमिर खान पिता सलीम खान उम्र 26 वर्ष नि0 सुभाष वार्ड कटनी जिला कटनी हाल धाममोहल्ला पन्ना।

**सराहनीय योगदान .-**
उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, सउनि कुन्जबिहारी कोल, प्रधान आरक्षक बृषकेतु रावत, नीरज रैकवार, संदीप तिवारी, रामभिखारी बागरी, अरूण अहिरवार,सर्वेन्द्र अहिरवार, अशोक सिंह, वीरेन्द्र अहिरवार, सतेन्द्र बागरी, चालक रवि खरे, मुन्ना कोल आरक्षक बबलू पटेल, सत्यम अग्निहोत्री, नीलेश प्रजापति, शिवप्रताप सिंह, संदीप पटेल, ओमप्रकाश अहिरवार, अभिषेक यादव, चंद्रपाल प्रजापति, शैलेन्द्र बागरी की अहम भूमिका रही । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## खबर संक्षेप

### गुरुपूर्णिमा महोत्सव आज

**छतरपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्रह्म ज्ञान सत्संग मंडल द्वारा आज शहर के सटई रोड स्थित तिवारी भवन में गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में विभिन्न आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यक्रमों संपन्न होंगे। ब्रह्मज्ञान सत्संग मंडल से प्राप्त जानकारी अनुसार आज, रविवार को सुबह 7 बजे से गुरु पूजन,भजन संध्या और सत्संग का कार्यक्रम प्रारंभ होगा, जो देर शाम तक चलेगा। दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। रात 8 बजे सद्गुरु भगवान की आरती के साथ कार्यक्रम का विराम होगा। मंडल द्वारा सभी भक्तों से सपरिवार शामिल होने की अपील की गई है।

### पेड़ पर लटका मिला अधेड़ किसान का शव



**बड़ामलहरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम खिरकुवां में शनिवार को एक अधेड़ किसान का शव उसके खेत पर लगे एक वृक्ष पर लटका मिला है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है लेकिन मृतक की पत्नी और पुत्र ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

### टैक्सी ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल



**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र में बीती रात टैक्सी और बाइक के बीच हुई भिड़ंत में दो युवक घायल हो गए। दोनों घायलों को बमीठा अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम धमना निवासी मिजाजी प्रजापति उम्र 25 वर्ष और नीरज प्रजापति उम्र 22 वर्ष किसी काम से बमीठा आए थे। यहां से वापिस जाने के दौरान रात करीब 9 बजे बमीठा ओवरब्रिज के समीप उनकी बाइक टैक्सी से टकरा गई। दुर्घटना में मिजाजी और नीरज दोनों घायल हो गए, जिसके चलते स्थानीय लोगों ने उन्हें बमीठा के अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

### बाइक सवार को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत



**छतरपुर।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत महोबा रोड पर उर्मिल नदी के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को रौंद दिया, जिससे बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। छतरपुर शहर के फूला देवी बाईपास पर रहने वाले संजीव कुमार अहिरवार ने बताया कि मृतक कालीचरण अहिरवार उम्र 45 वर्ष उसके परिवार का सदस्य है और वह शुक्रवार को किसी काम से ग्राम कैमाहा गया था। उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी था। कैमाहा से वापिस घर आते वक्त उर्मिल नदी के पास अज्ञात ट्रक ने बाइक को कुचल दिया, जिससे कालीचरण की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हुआ। घटना के करीब आधे घंटे बाद परिजनों को सूचना मिली, जिसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद मृतक के शव को जिला अस्पताल लाया गया।

### पुलिस ने तीन जुआरी पकड़े

**लवकुशनगर।** थाना पुलिस ने गत रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान नगर के कब्रिस्तान में जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को 8 हजार 300 रुपये की नगदी के साथ गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत सेन ने बताया कि विगत रात्रि करीब 9 बजे नगर के कब्रिस्तान में कुछ लोगों द्वारा जुआ खेले जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर दबिश देकर मोहम्मद साहिल पिता रसीद मोहम्मद मंसूरी उम्र 19 साल निवासी वार्ड नं 3 लवकुशनगर, अज्जू उर्फ अजय पाठक पिता रामअवतार पाठक उम्र 35 साल निवासी वार्ड नं 2 लवकुशनगर और प्रमोद जाटव पिता गया प्रसाद जाटव उम्र 28 साल निवासी वार्ड नं 2 लवकुशनगर को गिरफ्तार किया।

## चिकित्सक के अवकाश पर होने से उपजी समस्या

# जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए मरीज परेशान

जिला अस्पताल में आने वाले मरीज इन दिनों अल्ट्रासाउंड कराने के लिए परेशान हो रहे हैं। बताया गया है कि अल्ट्रासाउंड करने के लिए दो चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है, जिनमें से एक चिकित्सक वर्तमान में अवकाश पर चल रहे हैं और इसी कारण से समस्या बनी हुई है।



**छतरपुर।**

मरीजों को मजबूरी में जिला अस्पताल के बाहर मौजूद निजी केंद्रों पर जाकर महंगे दामों में अल्ट्रासाउंड कराना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल के अल्ट्रासाउंड केन्द्र पर दो चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र शर्मा और डॉ. नरेश त्रिपाठी की ड्यूटी लगाई गई है। डॉ. नरेश त्रिपाठी सुबह की शिफ्ट में सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक ड्यूटी करते हैं जबकि डॉ. सुरेन्द्र शर्मा दोपहर की शिफ्ट दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक ड्यूटी करते हैं। बताया गया है कि दूसरी शिफ्ट के डॉ. सुरेन्द्र शर्मा पिछले कई दिनों से अवकाश पर हैं, जिसके चलते दोपहर के बाद लोगों को अस्पताल के बाहर से अल्ट्रासाउंड कराना पड़ता है। डॉ. सुरेन्द्र शर्मा ने स्वयं के अवकाश पर होने की सूचना का पर्चा भी अल्ट्रासाउंड केन्द्र के बाहर चस्पा कर रखा है। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में अप्रैल से जुलाई माह तक जिला अस्पताल में कुल 12 हजार अल्ट्रासाउंड किए गए थे जबकि इस वर्ष इतने ही दिनों का आंकड़ा 5 हजार है, जिससे स्पष्ट है कि जिला अस्पताल में मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा का सही ढंग से लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### इनका कहना

डॉ. सुरेन्द्र शर्मा के अवकाश पर होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

**डॉ. जीएल अहिरवार**
**सिविल सर्जन, जिला अस्पताल, छतरपुर**

# गूरू पूर्णिमा महोत्सव के तीसरे दिन उमड़ा जन सैलाब



**छतरपुर।**

करोड़ों लोगों की आस्था के केन्द्र सिद्ध तीर्थ बागेश्वर धाम में 5 दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव चल रहा है। महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को लाखों लोगों ने सुबह से बालाजी के दर्शन किए और इसके बाद अपने गुरु के दर्शन किए। यह बागेश्वर धाम की आस्था है जो देश-विदेश से लाखों लोगों को यहां खींचकर लाई है। महोत्सव में आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, भोजन, आवागमन की विधिवत व्यवस्था की गई हैं।

बागेश्वर धाम में सुबह करीब 4 बजे से बालाजी के दर्शन के लिए लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा था। मंदिर के आसपास का समूचा क्षेत्र लोगों से भर गया। बालाजी की कृपा पाने के लिए लोग आतुर रहे। सुबह की महाआरती के बाद बालाजी के दर्शनों का क्रम शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। उधर दोपहर करीब 12 बजे से मुख्य पंडाल पर पहुंचे बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के दर्शन के लिए लोग इकट्ठा हो गए थे। पहले वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पादुकाओं का पूजन हुआ, इसके पश्चात गुरू दर्शन प्रारंभ हुआ। चूंकि बागेश्वर महाराज के देश-विदेश में शिष्यगण फैले हैं, इसलिए महोत्सव को 8 दिवसीय रखा गया है। शनिवार और रविवार को पादुका पूजन व गुरु दर्शन का कार्यक्रम है, जिसके तहत यह आयोजन शुरू हुआ। लोग लंबी कतार में लगे गुरु दर्शन हेतु अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। लोगों में गजब का उत्साह का देखने को मिल रहा था। महाराज श्री ने अपने आशीर्वचन में कहा कि सभी लोग व्यवस्था में अपना सहयोग करें। महामंत्र का जप करते हुए आगे बढ़ें। चूंकि यह कार्यक्रम सभी शिष्यों का है इसलिए व्यवस्था भी सभी को देखनी होगी।

### 4 जिलों का पुलिस बल तैनात



बागेश्वर धाम में लाखों लोग आ रहे हैं इसलिए सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम करने पड़ रहे हैं। खजुराहो एसडीओपी सलिल शर्मा ने बताया कि छतरपुर के अलावा पन्ना, टीकमगढ़ और सागर से करीब तीन सैकड़ा पुलिस बल बुलाया गया है। दो शिफ्ट में ड्यूटियां निर्धारित की गई हैं। एएसपी विक्रम सिंह के नेतृत्व में दोनों शिफ्टों के लिए एक-एक एसडीओपी नियुक्त किए गए हैं। 10 थाना प्रभारी एवं 15 एएसआई के साथ-साथ 300 पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में लगा है। आवागमन सुचारू रूप से चले इसके भी इंतजाम किए गए हैं। जानकारी में यह भी आया है कि करीब 5 सैकड़ा सेवादार पुलिस और प्रशासन के मार्गदर्शन में काम कर रहा है। सम्मान किया।

### चौरसिया दंपत्ति की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**छतरपुर।** सागर-कानपुर हाईवे पर हीरापुर घाटी में हुए भीषण सड़क हादसे में छतरपुर के चौरसिया दंपत्ति की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि चौरसिया दंपत्ति भोपाल से छतरपुर आ रहे थे इसी दौरान दुर्घटना हुई। पत्नी की मौत मौके पर हो गई थी, जबकि पति ने छतरपुर से ग्वालियर जाने के दौरान दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गढ़ीमलहरा निवासी विजय चौरसिया भोपाल की बीएचईएल कंपनी में सुपरवाइजर हैं। शुक्रवार को वे अपनी पत्नी सुषमा चौरसिया के साथ वैगनार कार से छतरपुर आ रहे थे, तभी शाम के वक्त हीरापुर घाटी में सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी कार में टक्कर मार दी। दुर्घटना में सुषमा चौरसिया की मौके पर ही मौत हो गई थी, जिस कारण से उनके शव को शाहगढ़ भेजा गया। जबकि विजय चौरसिया को गंभीर अवस्था में छतरपुर लाया गया था। छतरपुर में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया लेकिन ग्वालियर जाने के दौरान मऊरानीपुर के पास उन्होंने भी दम तोड़ दिया। विजय चौरसिया के शव को वापिस छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया जहां पोस्टमार्टम हुआ। बताया गया है कि टक्कर मारने वाली पिकअप को शाहगढ़ पुलिस ने जब्त कर लिया है।



### जानवर से टकराई बाइक, एक की मौत, एक घायल



**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवगांव के समीप फोरलेन पर हुई सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ है। बताया गया है कि छतरपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम टपरन का रहने वाला रामकृपाल पुत्र नथुआ आदिवासी उम्र 50 वर्ष अपने साथी गोरेलाल आदिवासी उम्र 50 वर्ष के साथ ग्राम सूरजपुरा एक निमंत्रण में गया था। यहां से वापिस लौटते वक्त देवगांव के समीप फोरलेन पर उसकी बाइक सड़क पर बैठे जानवर से टकरा गई। हादसे में दोनों बुरी तरह घायल हो गए थे तथा उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया था। अस्पताल में चिकित्सकों ने नथुआ को मृत घोषित कर दिया ।

### वृद्ध के मलद्वार में फंसी लौकी

**छतरपुर।** शनिवार को जिला अस्पताल में एक मरीज अजीबोगरीब अवस्था में पहुंचा। दरअसल वृद्ध के मलद्वार में लौकी फंसी हुई थी, जिसे निकालने के लिए चिकित्सकों को उसका ऑपरेशन करना पड़ा। करीब 2 घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद वृद्ध का पेट काटकर लौकी बाहर निकाली गई। बताया गया है कि वृद्ध खजुराहो क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है, जिसे एक विशेष प्रकार की यौन बीमारी है। मलद्वार में लौकी फंसने के बाद वृद्ध को जिला अस्पताल लाया गया था,

## एनटीपीसी-विंध्याचल सीएसआर द्वारा ग्राम-ढोटी में स्वास्थ्य जागरूकता और मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**सिंगरौली।** विंध्याचल के सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम ढोटी में स्वास्थ्य जागरूकता और मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण समुदाय के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय के लोगों और महिलाओं को मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों, जैसे डेंगू, मलेरिया आदि से बचाव करना था। कार्यक्रम के दौरान, एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यपालक सीएसआर निखिल जायसवाल और उनकी टीम ने मच्छरदानियों का वितरण किया। निखिल जायसवाल ने ग्रामीणों को मच्छरों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि मच्छरदानी का सही उपयोग कैसे किया जाए। साथ ही सभी को स्वस्थ और सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया। सभी ग्रामवासी मच्छरदानी पाकर काफी प्रसन्न दिखे। इसके साथ ही स्थानीय वार्ड पार्षद द्वारा एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुये आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में भी उपस्थित रहे और उन्होंने ग्रामीणों को मच्छरदानी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने एनटीपीसी विंध्याचल की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से ग्रामीणों को बहुत लाभ होगा और वे बीमारियों से बचाव कर सकेंगे।

## बैंक के स्थापना दिवस पर कर्मचारियों ने रोपे एक सैकड़ा पौधे

### बॉब अर्थ एवं ग्रीन ड्राइव के तहत गौशाला में हुआ पौधरोपण

**छतरपुर।**

जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम हमा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा द्वारा शनिवार को बैंक के 117 वें स्थापना दिवस पर स्टाफ द्वारा दयोदय पशु संवर्धन केंद्र (गौशाला) में बॉब अर्थ के अंतर्गत ग्रीन ड्राइव के तहत पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत कुल 117 पौधे रोपकर कर्मचारियों ने उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया।

हमा ब्रांच के मैनेजर अनुराग वर्मा ने बताया कि 20 जुलाई को बैंक ऑफ बड़ौदा की स्थापना हुई थी, जिसके उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की मंशा से पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदूषण को रोकने और वायुमंडल को साफ-सुथरा रखने के उद्देश्य से शाखा के कर्मचारियों ने आम, कटहल, नींबू, संतरा जैसे फलदार तथा पीपल, बरगद, नीम जैसे ऑक्सीजन देने वाले कुल 117 पौधे लगाए। इस अवसर पर हैड कैशियर प्रदीप चौरसिया, सहायक प्रबंधक प्रशांत शर्मा, महेंद्र कुमार, प्रेम सिंह, सुरेंद्र अरुण सहित सभी बैंक कर्मी और गौशाला के कर्मचारी मौजूद रहे।



## मेरे पापा SAFE हैं क्योंकि वो हेलमेट पहनतें हैं और आपके?...

## सिंगरौली पुलिस द्वारा जिले में चलाया जा रहा हेलमेट/ सीट बेल्ट जागरुकता अभियान







**सिंगरौली।**

पुलिस अधीक्षक, श्रीमती निवेदिता गुप्ता, जिला सिंगरौली के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्री शिवकुमार वर्मा, जिला सिंगरौली के मार्गदर्शन में एवं सिंगरौली के समस्त थानों द्वारा हेलमेट धारण करने एवं चार पहिया वाहन सवार चालकों द्वारा सीटबेल्ट धारण करने के अनुपालन में संपूर्ण जिले में चलाया जा रहा जा ग रु क ता अभियान।*माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा जिलो में पिलियन रायडर सहित दो पहिया वाहन सवार चालको द्वारा हेलमेट धारण करने एवं चार पहिया वाहन सवार चालकों द्वारा सीटबेल्ट धारण करने के संबंध में वाहन चालकों को यातायात नियमो का शत प्रतिशत पालन करने के निर्देश दिये गये। जिसके पालन में जागरूकता संबंधी पोस्टर बैनर शहर के विभिन्न चौराहे पर लगाये गये। एवं साथ ही नियमों का पालन करने हेतु वाहन चालकों को समझाइए दी गई। सभी पेट्रोल पम्पो पर फ्लेक्सि/बैनर के माध्यम से सभी दो पहिया मोटर वाहन चालकों एवं पीलियन राइडर को हेलमेट धारण करने पर ही पेट्रोल वितरण करेंगे ऐसे सख्त हिदायत दी जाकर जागरूकता संबंधी फ्लेक्स बैनर लगाए गए।

## कांतदेव सिंह जी के प्रयास से ही मजबूत हुई सिंगरौली में भाजपा

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता मध्य प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष तथा भोपाल संभाग के प्रभारी शीर्ष कांत देव सिंह जी बर्दी राज घराने के वर्तमान में राजा जो अपने गृह जिले में सिंगरौली जिले के सभी विधानसभा की सीटो को भारी अंतर से जितवाकर अपने कुशल रणनीति का लोहा प्रदेश नेतृत्व को मनवा चुके है साथ ही अभी हाल में ही संपन्न लोकसभा के चुनाव में में सिंगरौली जिले से लगभग डेढ़ लाख से ऊपर बोटो से आगे करके अपने नेतृत्व का दम दिखा चुके है।अभी वर्तमान में उनके जिम्मे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह जी चौहान के परंपरागत सीट बुधनी के विधानसभा के उप चुनाव की अहम जिम्मेदारी प्रभारी होने के नाते उनके कंधे पर है।अपने लोगो के बीच में राजा साहब के नाम से मशहूर कांत देव सिंह जी ने सिंगरौली के बिकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए अपने सिंगरौली जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में सिंगरौली को जिला बनवाकर यहा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है साथ ही अपने जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में सिंगरौली का महापौर विधायक की सीट जितवाकर अपने उच्च संगठन क्षमता का परिचय दिया है ।आज सिंगरौली के जनमानस को राजा साहब के कुशल नेतृत्व में बुधनी उप चुनाव की जिम्मेदारी है यहां के लोगो को बस एक बात की कसक जरूर है की उन्हे अभी तक संगठन से लोकसभा विधानसभा चुनाव में नेतृत्व ने मोका नही दिया अगर भविष्य में दिया तो उनके नेतृत्व में विकास के चार चांद ऊर्जाधानी के धरा को अवश्य लगेंगे।



## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सीएम हेल्पलाइन में प्रदेश में दूसरे स्थान पर

**रीवा।** सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में जून माह में जिला पंचायत रीवा को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। संभाग के मऊगंज जिले को प्रदेश में पाँचवा स्थान मिला है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिला पंचायत रीवा को 593 शिकायतें प्राप्त हुइं। जिला पंचायत को 94.26 कुल वेटेज स्कोर के साथ दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। जिला पंचायत अलीराजपुर 98.11 वेटेज अंकों के साथ प्रथम स्थान पर है। मऊगंज जिले को 90.42 कुल वेटेज अंकों के साथ प्रदेश में पाँचवा स्थान प्राप्त हुआ।

### आईएफएमआईएस साफ्टवेयर का प्रशिक्षण 22 जुलाई से

**रीवा।** जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को आईएफएमआईएस साफ्टवेयर के विधिवत एवं सुचारू संचालन में आने वाली कठिनाईयों के निराकरण हेतु प्रशिक्षण 22 जुलाई से 27 जुलाई तक दिया जायेगा। कार्यालयों में वित्तीय संव्यवहार आईएफएमआईएस साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाता है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि प्रशिक्षण में स्वयं अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि वित्तीय संव्यवहार सुगमतापूर्वक किया जा सके। प्रशिक्षण में अनुपस्थित होने की स्थिति में संबंधितों को कारण कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

### गुरू पूर्णिमा पर उप मुख्यमंत्री कालेज में होंगे मुख्य अतिथि



**रीवा।** प्रदेश के साथ-साथ रीवा जिले के सभी शिक्षण संस्थाओं में 21 जुलाई को गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाया जा रहा है। शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में आयोजित गुरू पूर्णिमा महोत्सव के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। समारोह प्रातः 10 बजे आरंभ होगा जिसमें प्रातः 11 बजे गुरू वंदना की जाएगी। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र ताम्रकार, नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय तथा अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह शामिल होंगे। इस संबंध में प्राचार्य डॉ अर्पिता अवस्थी ने बताया कि समारोह में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय तथा ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्यों एवं प्राध्यापकों डॉ रामसिया शर्मा, डॉ एपी मिश्रा, डॉ व्हीपी गुप्ता, डॉ ज्ञानवती अवस्थी, डॉ डीएस बघेल, प्रोफेसर पीके सरकार, डॉ आईपी त्रिपाठी, डॉ डीआर शाह, डॉ एनपी श्रीवास्तव, डॉ व्हीके श्रीवास्तव, डॉ सीपी तिवारी, डॉ आरएन तिवारी, डॉ व्हीएस शुक्ला तथा डॉ आरके शर्मा को सम्मानित किया जाएगा। प्रथम दिवस के कार्यों का समापन दोपहर 2.30 बजे होगा।

### गाज की चपेट में आने से एक की मौत पांच घायल

**कटनी।** आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब यह सभी मजदूर खेत में रोपा लगाने का काम कर रहे थे। घटना बहोरीबंद थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पथराड़ी पिपरिया के कूड़ा घनिया हार में हुई। गत शाम करीब 5 बजे आकाशीय बिजली गिरने के कारण नन्दकुमार गुप्ता पिता रूपचंद गुप्ता उम्र 48 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ललित पिता रामगोपाल बर्मन उम्र 22 वर्ष निवासी पथराड़ी पिपरिया, सुमन बाई पति रमेश बसोर उम्र 44 वर्ष निवासी कूडा घनिया, कुसुम बाई पति पदम् उम्र 40 वर्ष निवासी पथराड़ी पिपरिया, रामकली पति आनन्द जोगी उम्र 30 वर्ष निवासी पथराड़ी पिपरिया एवं राजेश पिता गणेश दाहिया उम्र 35 वर्ष निवासी पथराड़ी पिपरिया घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

### मौके पर पहुंचा पुलिस एवं प्रशासन, तीन दिन से ताले में कैद महिला को देर रात पुलिस एवं प्रशासन ने दिलाई कैद से मुक्ति

# मां की सेवा करने आई बहन को भाई और भाभी ने बनाया बंधक

**रीवा। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में संपत्ति के विवाद में एक भाई ने अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ मिलकर अपनी ही बहन को बंधक बना लिया**

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा जहां से बंधक बनी महिला को मुक्त कराया गया, राजस्व संबंधित मामला होने की वजह से तहसीलदार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया था, इधर अपराध को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक सहित सिटी कोतवाली थाना प्रभारी एवं भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा जहां से ताला खोलकर महिला को मुक्त कराया गया, घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के तकिया मोहल्ले की है बंधक बनी महिला भारतीय कुशवाहा ने बताया कि उसकी मां काफी दिनों से बीमार है जिसकी वह सेवा करने के लिए आई थी,इस दौरान बूढी मां ने बेटी को अपनी संपत्ति में हिस्सा दे दिया जिससे नाराज भारती कुशवाहा की भाभी रीना कुशवाहा और भाई राजेश कुशवाहा एवं बच्चों ने मिलकर भारती कुशवाहा को ताले में बंद कर दिया, घटना की जानकारी भारती कुशवाहा की बेटी के द्वारा सिटी कोतवाली थाने में दी गई राजस्व का मामला होने की वजह से मौके पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे जहां से महिला को बंधक से मुक्त कराया गया , इस पूरी घटना को लेकर जहां एक और आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है वही घर के दस्तावेज एवं अधिकारों के लिए राजस्व का अमला मामले की जांच कर रहा है।



## राजस्व महाअभियान में कलेक्टर ने किया नजूल कार्यालय का निरीक्षण



**रीवा।** जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए 20 और 21 जुलाई के शासकीय अवकाशों में भी तहसील कार्यालयों को खुला रखने के निर्देश दिए हैं। सभी तहसीलों में राजस्व अभियान से संबंधित कार्य तत्परता से किए जा रहे हैं। इस क्रम में कलेक्टर ने सुबह 11.30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में नजूल कार्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने नजूल प्रकरणों को दर्ज करने के लिए संधारित वर्तमान वर्ष तथा गत वर्षों की पंजी एवं लंबित प्रकरणों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी प्रकरण लंबे समय तक लंबित न रहे। हर प्रकरण का अभिलेखों तथा शासन के मापदण्डों के अनुसार परीक्षण करके समय पर निराकरण करें। प्रत्येक नस्ती में संलग्न अभिलेखों का सूक्ष्मता से निरीक्षण करें। मौके पर उपस्थित एसडीएम हुजूर वैशाली जैन तथा डिप्टी कलेक्टर श्रेयश गोखले ने नजूल प्रकरणों की जानकारी दी। कलेक्टर ने प्रकरणों की नस्ती व्यवस्थित न रखने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित लिपिक अतुल सिंह को नजूल शाखा से पृथक करने के निर्देश दिए। लिपिक सिंह को कलेक्ट्रेट में पदस्थ कर दिया गया है।

## जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दी गई डेंगू और मलेरिया से बचाव की सलाह

**रीवा।** जिले भर में शिक्षण संस्थाओं में स्वास्थ्य जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अर्पिता अवस्थी ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि डेंगू और मलेरिया मच्छर जनित रोग हैं। इनसे बचाव के लिए सभी जागरूक रहें। घर के आसपास खुले में वर्षा का पानी एकत्रित न होने दें। घर के पुराने बर्तनों, टायरों आदि में पानी एकत्रित होने पर उसमें मच्छर पनपते हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ अखिलेश शुक्ला ने कहा कि मच्छर जनित रोगों से बचाव का सबसे कारगर साधन मच्छरों से बचाव है। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। मच्छरों के काटने से बचने के लिए शरीर को पूरी तरह से ढकने वाले कपड़े पहनें। नियमित अंतराल पर घर और आसपास के क्षेत्रों में फागिंग मशीन अथवा मच्छर मारने वाले स्प्रे का उपयोग करके मच्छरों को नष्ट करते रहें। डेंगू का प्रकाप होने पर बुखार के साथ-साथ सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और त्वचा पर चकत्ते दिखाई देते हैं। इन लक्षणों के दिखाई देते ही तुरंत डाक्टर से संपर्क करके उनकी उचित सलाह अनुसार उपचार कराएं। इसके बाद डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के संबंध में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पल्लवी सिंह कर्चुली को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में अमन पाण्डेय को द्वितीय तथा विक्रम कुशवाहा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## किसान फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें: उप संचालक कृषि

### किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके के उपयोग की सलाह

**रीवा।** जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अतः एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है। उप संचालक ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है। डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके का उपयोग अधिक लाभदायी है। इससे जमीन को सल्फर की प्राप्ति होती है। सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग खेत की तैयारी के समय किया जाता है। जिससे यह फसलों में अधिक कारगर रहता है। डीएपी में उपलब्ध 18 प्रतिशत नाइट्रोजन में से केवल 15 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 46 प्रतिशत फास्फोरस में से 39 प्रतिशत फास्फोरस पानी में घुलकर मिट्टी को प्राप्त होता है। शेष फास्फोरस मिट्टी में जमा हो जाता है जिससे मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घटती है। उप संचालक ने बताया है कि आगामी फसल में शंकर धान एवं शंकर मक्का के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश एनपीके खाद का उपयोग अधिक लाभकारी होगा। दलहन एवं तिलहन फसलों में 80:40:30 एनपीके तथा सल्फर का उपयोग लाभदायी होगा। उप संचालक ने बताया है कि किसान नैनो तकनीक पर आधारित खाद का भी उपयोग कर सकते हैं। फसलों के लिए 20 प्रतिशत नाइट्रोजन से युक्त नैनो यूरिया तथा 8 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं 16 प्रतिशत फास्फोरस से युक्त नैनो डीएपी उपलब्ध है। इनके निर्धारित मात्रा में उपयोग से फसलों को संतुलित मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। सामान्य तौर पर एक स्वस्थ पौधे में नाइट्रोजन की मात्रा 1.5 से 4 प्रतिशत तक होती है। फसलों की बढ़वार की स्थिति में इनमें नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का पत्तियों में छिड़काव करने से पौधों को कारगर तरीके से नाइट्रोजन और फास्फोरस की उपलब्धता हो जाती है। इनके उपयोग से पैदावार में वृद्धि होती है तथा मिट्टी के स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। नैनो यूरिया की 500 मिलीलीटर की बोतल 225 रुपए में तथा नैनो डीएपी की 500 मिलीलीटर की बोतल 600 रुपए में मिल रही है। इसकी कीमत एक बोरी खाद से लगभग आधी है। जबकि इसका असर एक बोरी खाद से भी अधिक है। इसलिए नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का उपयोग किसानों के लिए अधिक लाभकारी है।

## नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा किया गया नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा वॉर्ड क्र. 44 पीएम आवास परिसर में नुकड्ड नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को बताया गया की हम सबको अपने घरों में 2 डस्टबीन का उपयोग करना चाहिये और सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग करके कचरा गाड़ी में ही देना चाहिये। नागरिकों को बताया गया कि घरों से निकलने वाले कचरे को जब कोई बाहर फेंक देता है तो उससे हमारा शहर गंदा तो होता ही है साथ ही हमारे स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है इसलिए हमे घरों से निकलने वाले कचरे को सूखा एवं गीला अलग-अलग करके कचरा गाड़ी में ही देना है। नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया कचरे को बाहर फेंकने से हमारे जल स्रोत, धरती और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है इसलिए हमे अपने शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए कि कचरा बाहर कोई न फेंके। नगर निगम की टीम द्वारा नागरिकों को बताया गया कि अपने सेप्टिक टैंक को हर 3 वर्ष में अवश्य खाली कराए इसके लिये टोल फ्री नंबर 14420/181 की भी जानकारी दी गई साथ ही नागरिकों को बताया कि नगर निगम द्वारा 24 घंटे 7 दिवस आपातकालीन नंबर 07662-254568 चालू किया गया है जिसमे आप फ़ोन करके कचरे से संबंधित समस्याओं का निराकरण प्राप्त कर सकते हैं नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में आईईसी टीम, पर्यावरण की टीम, वॉर्ड दरोगा एवं वॉर्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे।



## शिमला कश्मीर की तर्ज पर रीवा में ग्रीन एप्पल की खेती

### किसान की मेहनत लाई रंग, बगिया में लहलहाए ग्रीन एप्पल



**रीवा।** जिले का गोविंदगढ़ में शिमला और कश्मीर की तर्ज पर शुरू हुई ग्रीन एप्पल की खेती कभी किसी ने नहीं सोचा था कि रीवा में ग्रीन एप्पल भी लगाया जा सकता है, लेकिन अब यह संभव हो गया है। जिले के एक स्थानीय किसान ने कश्मीर के मशहूर ग्रीन एप्पल को रीवा में भी व्यावसायिक स्तर पर पैदा करने की तैयारी शुरू कर दी है। कभी फलों के राजा आम के नाम से पहचाने जाने वाला गोविंदगढ़ अब इलाका ग्रीन एप्पल के लिए भी जाना जाएगा। फिलहाल इसको लेकर स्थानीय किसान और कृषि अनुसंधान केंद्र की तैयारी तेज हो गई है, उसकी एक खास वजह है कि रीवा के किसान के खेत में लगे तीन पौधों ने लगभग 120 से 140 किलो फल दिया, जिसको देखकर अब बाकी किसान भी ग्रीन एप्पल की बाग लगाने की तैयारी कर रहे हैं गोविंदगढ़ निवासी किसान दिलीप नामदेव ग्रीन एप्पल लगाने के बारे में सोच रहे हैं, क्योंकि जब वह घूमने के लिए मनाली गए थे तो वहां से वह ग्रीन एप्पल के पौधे लेकर आए थे जिसमें से एक एप्पल का पौधा सूख गया जबकि तीन पौधों में जमकर फल आ रहे हैं। बताया गया कि एक पौधा 30 से 35 किलो फल दे रहा है, इसको लेकर किसान बेहद उत्साहित हैं। उनको लग रहा है कि ग्रीन एप्पल के पौधे अब हम अपने इलाके में लगा सकते हैं, इन पेड़ों के फल देखकर लगता है यहां का मौसम इनको सूट करेगा। खासतौर से उत्तर भारत के लिए एक वैरायटी तैयार की गई है इसका नाम है हरमन, इस प्रजाति का पौधा इस इलाके में सफलतापूर्वक लगा सकते हैं जिसकी तैयारियां जोरों से की जा रही है।

## कोरेक्स नशे के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही





**रीवा।** रीवा पुलिस नशे के विरूद्ध जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 2776 शीशी प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त की है, जिसका स्तेमाल नशे के तौर पर किया जा रहा था, पुलिस द्वारा पकड़ी गई नशीली सिरप की कुल कीमत 5 लाख 98 हाजार 620 रूपए है पुलिस 8 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है जिन पर एनडीपीएस एक्ट व औषधी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी विवेकलाल ने बताया की विशेष अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर थाना स्टाफ द्वारा छापामार कार्रवाई करते हुए धौचट गांव में नहर के पास एक स्कूटी को पकड़ा जिसमें 810 सीसी बरामद हुई,साथ ही वाहन मालिक आरोपी सूरज प्रकाश पांडे को पुलिस ने गिरफ्तार किया जो लंबे समय से फरार चल रहा था,पकड़े गए आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने उसके दो अन्य साथी अनुराग वर्मा सुजीत दहिया को गिरफ्तार किया है,वही पुलिस द्वारा दूसरी कार्यवाही जनेह थाना क्षेत्र अंतर की गई जनेह थाना पुलिस ने 1 हाजार सीसी सहित तीन आरोपी अमित शर्मा,, मनीष कुमार और बृजेश प्रजापति तीनों उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है,आरोपियों उत्तर प्रदेश में मेडिकल स्टोर संचालित कर नशीली कफ सिरप की तस्करी करते थे ,जिन्हें मुखबिर की सूचना के बाद थाना क्षेत्र अंतर्गत पटहट कला में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ,तीसरा मामला मनगंवा थाना क्षेत्र का है जहां पांच बोरियों में कुल 966 सीसी ऑन रेक्स कफ सिरप जिसकी कीमत 164220 है को पुलिस ने जप्त किया,आरोपियों नशीली सिरप बिक्री करने ले जा रहे थे जिसकी सुचना पुलिस को मिलने के बाद ग्राम पथरहा में दो लोगो को कोरेक्स के साथ गिरफ्तार किया जिसमें से एक बाल अपचारी बालक शामिल है।

## लौर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 98 किलो गांजा जप्त



**मऊगंज।** जिले में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए 10 लाख कीमत का 98 किलो गांजा जप्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें से एक आरोपी अभी भी फरार चल रहा है. यह गांजे की खेप सीधी जिले से यूपी के मिर्जापुर ले जाई जा रही थी लेकिन लौर थाना पुलिस ने घेराबंदी करते हुए पिकअप वाहन को पकड़ लिया मऊगंज एसपी वीरेंद्र जैन के निर्देश पर जिलेभर में अवैध नशे के विरुद्ध अभियान चलाए जा रहे हैं जिसके तहत लौर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है, यह गांजे की खेप बोलोरो पिकअप वाहन में लोड करके मिर्जापुर ले जाई जा रही थी जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रुपए है, तस्करों ने पिकअप वाहन में खाली कैरेट लोड करके गांजे के पैकेट को छुपा रखा था, जब पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा और कैरेट हटाए गए तो पुलिस भी हैरान रह गई, क्योंकि कैरेट के नीचे कुल 103 पैकेट जिसमें 98 किलो गांजा बरामद हुआ जिसके कीमत 10 लाख रुपए है। लौर थाना पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें से एक आरोपी फरार हो गया, पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर स्थित मुजेहरा निवासी पिंटू सिंह एवं उमेश सिंह को गिरफ्तार किया है जबकि पप्पू शुक्ला निवासी रकरी थाना मऊगंज फरार बताया जा रहा है, पुलिस पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का अपराध दर्ज करते हुए फरार आरोपी का पता लगा रही है।

## रतनगवां में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में महिलाओं का उमड़ा सैलाब

**मऊगंज।** ग्राम पंचायत रतनगवां खास मे वित्तीय साक्षरता का कार्यक्रम रजनीश कुमार पांडे ब्लॉक समन्वयक ब्लॉक मऊगंज द्वारा आयोजित किया गया।जिसके मुख्य अतिथि संतोष कुमार मिश्र जिला समन्वयक जिला मऊगज रहै। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलिया साकेत सरपंच ग्राम पंचायत रतनगवां खास द्वारा किया गया सरपंच एवं सचिव द्वारा पंचायत अंतर्गत लोगों को घर-घर जाकर वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गई कि आज ग्राम पंचायत में आप लोगो को बैंक से संबंधित जानकारी अधिकारियों द्वारा दी जायेगी।जिससे गांव की जनता का हुजूम उमड पड़ा और ऐसी स्थिति निर्मित हुई कि सभागार पूरा खचाखच भर गया, सभी लोग बड़े ध्यान से सरकार की योजनाओं को सुने।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष मिश्र ने कहा कि सरकार की बहुत सारी योजनाएं आप लोगो के लिए संचालित हैं, और आप जानकारी के अभाव से लाभ नहीं ले पाते थे। भारत सरकार ने यह जिम्मेदारी अपराजिता महिला सेवा संगठन को दी है, कि गांव-गांव में लोग जाकर सरकार की योजनाऔं का प्रचार प्रसार करें। अधिक से अधिक लोग लाभ प्राप्त कर सकें और आप लोग 20 रूपये की बीमा करबा ले ताकि आपके ना रहने जो आर्थिक कमी होगी,उसकी भरपाई बीमा कंपनी करें और कई पॉलिसी है जिससे जुड़कर अपने जीवन की सुरक्षा कर सकते हैं। अटल पेंशन एजुकेशन लोन तथा अन्य विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अरविंद पाठक सचिव गीता पांडे सुषमा जयसवाल रामनरेश द्विवेदी रजनीश पांडे रजनीश सेन सविता कोल राजकली साकेत यशोदा कोल देव शरण साकेत सावित्री कोल राधा कोल श्यामवती सेन सहित सैकडो लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में अरविंद पाठक सचिव द्वारा अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।

